रिकार्डि॰ 7:20

8/03/2021 ZOOM-NO. 46

बातकोश (गाथा, गायन)

इस रिकॉर्डिंग मे जिन्होने गीत गाया और साथ मे कमायचा बजाया दोनो काम साथ मे किया उस शख्श का नाम है बक्शो खां गांव सनावड़ा और ढोलक का साथ दिया रोशन खां गांव लूणा (बाड़मेर) इसमे जो गीत गाया वह गीत राग बिलावल मे है. जो एक भजन (हरिजस) है इसमे इन्होनो राजा जनक जी के शादी का गीत गाया।

ZOOM-NO. 47 Record- 6:26

8/03/2021

इस रिकोर्ड मे गीत के साथ गाथा भी है इस गीत का नाम है भोला शंभु क्यो फुके बात हमारी

यह गीत शिव पार्वती का है इसको भी भजन ही कहा जाएगा यह गाना सुबह के समय गाया जाता है जब जजमानो की बैठक होती है। इसको हम हरिजस भी कहते है यह गाना राग इवनि मे गाया जाता है। इस गाने का जो साराश है जिसमे पर्वती शिव से अपने पिव जाने के लिए जिद करती है और रूठ भी जाती है फिर शिव भगवान उससे मनाते है तब यह गाना गाया जाता है।